☎ : (0551) 2257138
2257570

गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक एवं कॉम्पोनेन्ट सेन्टर

गोरखनाथ मंदिर परिसर, गोरखनाथ, गोरखपुर-273015

पत्रांक........................ दिनांक 21 / 01 / 18

गुरू श्री गोरक्षनाथ कालेज ऑफ नर्सिंग के वार्षिक दीपप्रज्जवलन एंव सेवा शपथ ग्रहण समारोह का बृहद आयोजन दिनांक 21.01.18 को स्मृति भवन ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ सभागार गोरखनाथ मन्दिर परिसर मे आयोजित हुआ। वैसे तो यह आयोजन बडे धूम धाम से किया जाता है। परन्तु इस वर्ष यह विशेष आकर्षण का केन्द्र बना क्योंकि इस कार्यक्रम के लिए उत्तर प्रदेश के महामहीम राज्यपाल श्री राम नाईक जी मुख्य अतिथी के रूप मे उपस्थित थे। तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त योगी अदित्यनाथ जी महाराज की अध्यक्षता मे यह कार्यक्रम आयोजित था। इस भव्य एंव अलौकिक अवसर पर नर्सिंग कालेज के छात्राओं द्वारा बडे ही सुन्दर एवं शालीनता से परिपूर्ण दीपप्रज्जवलन करने के पश्चात प्रधानाचार्य सूश्री मिस अजीथा डी0 एस0 ने सभी क्षात्राओं को शपथ दिलाई। माननीय मुख्यमंत्री ने सम्भावनाओं से भरपूर नर्सिंग के विषय मे बृहद जानकारी श्रोताओं को दी। तत्पश्चात राज्यपाल ने कार्यक्रम के प्रति प्रशंसा व्यक्त करते हुए छात्राओं को अपनी शुभकामनाऐं प्रेषित की तथा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय की भूरी भूरी सराहना की इस अवशर पर माननीय मुख्यमंत्री का पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत करने का सुअवसर गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के प्रभारी डा0 अवधेश अग्रवाल को प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम मे नर्सिंग की छात्राऐं शिक्षिकाऐं चिकित्सालय के अधिकारी चिकित्सक गण समेत भारी संख्या मे पत्रकार मिडिया कर्मी एंव नगर के गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

डा0 अवधेश अग्रवाल
उप मुख्य चिकित्साधिकारी एवं ब्लड बैंक प्रभारी
गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय गोरखनाथ
गोरखपुर